Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to provide stoppages of main express trains at Multai in Betual Parliamentary Constituency.

श्री दुर्गा दास उइके (बैतूल): महोदय, मैं आपके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आपने लोकहित मुद्दे को सदन में उठाने के लिए अवसर प्रदान किया ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के मुलताई में सूर्य पुत्री मां ताप्ती का उद्‌गम स्थल होने के कारण यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं । मुतलाई रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त ट्रेनों के ठहराव नहीं होने के कारण यहां के यात्रियों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है । साथ ही व्यावहारिक दृष्टि से ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण व्यवसाय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है ।

अत: आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के मुलताई में ट्रेन संख्या 12159, 12160 जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस, 19713, 19714 सिकंदराबाद-जयपुर एक्सप्रेस के ठहराव की सुविधा अतिशीघ्र दी जाए ।

महोदय, मुलताई की तरह मेरे संसदीय क्षेत्र में पूर्व में ट्रेन संख्या 19343 इंदौर-छिंदवाड़ा का ठहराव जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र बरबटपुर और डोडरामोहर में पहले ठहराव था । चूंकि पुन: ट्रेक के संचालन होने के बाद ये दोनों स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव नहीं दिया जा रहा है ।

महोदय, इसी प्रकार मेरे जनजातीय क्षेत्र में टिमरनी हरदा रेलवे स्टेशनों पर भी पूर्ववत बंद पड़ी रेलों का ठहराव हों तथा नवीन रेलों के स्टॉपेज की सुविधाओं को बढ़ाने का विनम्र अनुरोध है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में जनसुविधाओं को देखते हुए ट्रेनों के स्टॉपेज को कराने

की अति कृपा करें । धन्यवाद ।